संख्याः 988/ 33–3–2020–31/2019

प्रेषक,

**मनोज कुमार सिंह,**
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– निदेशक, पंचायती राज/मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) उत्तर प्रदेश।
2– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

**पंचायती राज अनुभाग–3** लखनऊ दिनांकः 22 मई, 2020

**विषयः–सामुदायिक शौचालय का निर्माण राज्य वित्त/14वां वित्त तथा मनरेगा से डव्टेल करते हुए निर्मित कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

आप अवगत हैं कि स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) योजना का शुभारम्भ ग्रामीण क्षेत्रों के सभी परिवारों के लिए शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने के उददेश्य से किया गया था। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 02 अक्टूबर, 2014 से प्रभावी योजना की मार्ग–निर्देशिका के बिन्दु संख्या–5.8 पर सामुदायिक शौचालय परिसरों के निर्माण किये जाने की व्यवस्था का स्पष्ट उल्लेख किया गया हैं।

भारत सरकार द्वारा निर्गत मार्ग–निर्देशिका एवं पत्रों तथा उ0प्र0 शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार योजनान्तर्गत सभी परिवारों के लिए शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दृष्टि से सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जाना है। इस सम्बन्ध में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 08.02.2020 की वीडियो कान्फ्रेन्सिग में प्रत्येक ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में जनपदों द्वारा ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जाना है। इसके अतिरिक्त वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवासी श्रमिकों का आगमन जारी है। उनको उसी गांव में कार्य उपलब्ध कराने हेतु पंचायतीराज विभाग द्वारा सामुदायिक शौचालय का निर्माण राज्य वित्त/14वां वित्त की धनराशि से कराया जाना है तथा श्रमांश मनरेगा की धनराशि वहन से किया जाना है।

यह भी अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या–528/33–3–2020–31/2019 दिनांक 14.02.2020 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग की धनराशि से कराए जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निर्गत किए गए हैं। भारत सरकार के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या–DO No.N-11011/9/2016-FD दिनांक 03 अप्रैल, 2020 के द्वारा 14वें वित्त की धनराशि का उपभोग मार्च, 2021 तक करने की अनुमति प्रदान की जा चुकी है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय काम्प्लेक्स के लिए रू. 03.00 लाख की धनराशि अनुमन्य है।

**सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना है–**

2. **स्थल चयन**– स्थल चयन की प्रक्रिया निम्नवत् है–
   1.1 सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराने हेतु स्थल का चयन प्रत्येक ग्राम पंचायत में किया जाना है।
   1.2 सामुदायिक शौचालय के निर्माण में महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए पुरूषों एवं महिलाओं के शौचालय स्थलों को पृथक–पृथक रखा जा सकता है।
   1.3 यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि निर्माण हेतु चयनित स्थल, लाभ प्राप्त करने वाली आबादी से सटा हुआ हो व आने–जाने की सुगमता हो।

Amit Sri.

Manoj

1.4 सामुदायिक शौचालय के निर्माण हेतु स्थल चयन प्रक्रिया में समुदाय से चर्चा तथा ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कराकर स्थल की सहमति ले ली जाए। इन शौचालयों के प्रयोग में महिलाओं की अहम भूमिका के दृष्टिगत लाभान्वित होने वाली महिला समूह से विचार–विमर्श करने के उपरान्त ही स्थल का चयन किया जाये।

1.5 भू–राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर चयनित स्थल पर शौचालय निर्माण की सहमति प्राप्त कर ली जाए।

1.6 सामुदायिक शौचालय निर्माण वाले स्थल पर जल, विद्युत आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

**2. सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु वित्तीय व्यवस्था–**

2.1 सामुदायिक शौचालय के निर्माण सम्बन्धी प्रस्तावों का अनुमोदन एवं प्रशासनिक स्वीकृति के लिये सम्बन्धित जिले की जिला स्वच्छता समिति/जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंन्ट कमेटी को प्राधिकृत किया जाता है।

2.2 गुणवत्तापरक सामुदायिक शौचालय निर्माण का निर्माण राज्य वित्त/14वां वित्त की धनराशि से किया जायेगा तथा शौचालय निर्माण का श्रमांश मनरेगा की धनराशि से वहन किया जायेगा, जिसका लेबर एस्टीमेट मनरेगा पोर्टल पर अपलोड भी कराया जायेगा। राज्य वित्त/14वां वित्त की धनराशि से कराये जा रहे सामुदायिक शौचालय निर्माण की कार्ययोजना धनराशि आदि का विवरण भारत सरकार के ई–ग्रामस्वराज पोर्टल पर अपलोड किया जाना भी सुनिश्चित किया जायेगा। राज्य वित्त/14वां वित्त तथा मनरेगा की धनराशि का उपभोग करने हेतु निर्धारित सुसंगत आदेशों का कड़ाई से अनुपालन किया जायेगा।

**3. सामुदायिक शौचालय हेतु प्रस्तावित डिजाइन–**

सामुदायिक शौचालय परिसरों का निर्माण आवश्यकतानुसार सीटों की समुचित संख्या, बच्चों के उपयोग हेतु अनुकूल शौचालय सीट, स्नानागार, हांथ धोने का स्थान आदि उपलब्ध कराते हुए ट्विन पिट तकनीक पर किया जा सकता है, जो कि रख–रखाव एवं संरक्षण की दृष्टि से उपयोगी तकनीक है। साथ ही सामुदायिक शौचालय परिसरों में प्रस्तावित सीटों में से आवश्यकतानुसार 01 शौचालय की सीट दिव्यांगों के अनुकूल निर्मित करायी जा सकती है। सामुदायिक शौचालय में विद्युत व्यवस्था एवं जल भण्डारण हेतु ओवर–हैड टैंक, बोरिंग हैण्ड–पम्प आदि की व्यवस्था भी किया जाना शौचालयों की उपयोगिता की दृष्टि से समीचीन होगा।

3.1 सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु ग्राम पंचायतों की आवश्यकता के अनुरूप डिजाइन एवं इस्टीमेट में जनपद स्तर पर बदलाव किया जा सकता है, जिसका निर्धारण सम्बन्धित जनपद में लागू होने वाले पी0डब्लू0डी0 शिड्यूल्ड ऑफ रेट्स के आधार पर जिला स्वच्छता समिति/जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंन्ट कमेटी द्वारा कराया जा सकता है।

**4. शौचालयों का रखरखाव एवं अनुरक्षण–**

4.1 सामुदायिक शौचालयों के परिचालन, अनुरक्षण एवं साफ–सफाई की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होगी।

4.2 अनुसूचित जाति/जनजाति आबादी वाली ग्रांम पंचायतें जहां सामुदायिक शौचायल की आवश्यकता है वहां के लोगों की एक निगरानी समिति बनायी जाये जो शौचालय निर्माण एवं रख–रखाव का पर्यवेक्षण करें। यह समिति यह भी सुनिश्चित करेगी कि शौचालय निर्माण निर्धारित समय में हो।

4.3 उक्त निगरानी समिति में न्यूनतम 03 व अधिकतम 05 सदस्य रखे जाएगें, जिसमें एक महिला सहित शेष सदस्य शौचालय का लाभ प्राप्त करने वाले समुदाय से होने चाहिए।

Amit Sri.

Manoj

4.4 यदि लाभान्वित होने वाले परिवारों में कोई दिव्यांग व्यक्ति हो तो समिति में अवश्य सम्मिलित किया जायेगा।

4.5 रख–रखाव एवं दैनिक साफ–सफाई का अनुश्रवण निगरानी समिति द्वारा ग्राम पंचायत के सहयोग से किया जाएगा।

सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु स्थल चयन की प्रक्रिया सम्बन्धी प्रमाण–पत्र प्रारूप–2(क) पर की जाएगी, जिसकी एक प्रति जनपद स्तर पर जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में एवं एक प्रति विकास खण्ड स्तर पर सहायक विकास अधिकारी(पं0)/खण्ड अभिलेखागार कार्यालय पर तथा एक प्रति सम्बन्धित ग्राम पंचायत पर संरक्षित रखी जायेगी। स्थल चयन की सूचना प्रारूप–2(ख) पर जिलाधिकारी से हस्ताक्षरित प्रति मिशन कार्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी।(संलग्नक–1)

जनपद द्वारा निर्मित कराये जा रहे सामुदायिक शौचालयों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की सूचना राज्य मिशन कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जायेगी।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ हैं कि सामुदायिक शौचालयों को और अधिक आधुनिक तथा सार्थक उपयोग के अनुकूल बनाने के लिए विभिन्न साइज में ड्राइंग स्टीमेट तैयार किया गया है, जो संलग्नक–2 पर अवस्थित है कृपया उपरोक्तानुसार सामुदायिक शौचालय के निर्माण का कार्य <u>तत्काल</u> पूर्ण कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

<u>संलग्नक–</u>

**1. प्रारूप 2(क) एवं 2 (ख)**

**2. सामुदायिक शौचालय की डिजाइन एवं स्टीमेट–1, 2 एवं 3**

भवदीय,

Manoj 22.5.20

(मनोज कुमार सिंह)

प्रमुख सचिव।

<u>संख्या व दिनांक –तदैव।</u>

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
3. समस्त मण्डलीय उप निदेशक(पं0), उ0प्र0।
4. समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उ0प्र0।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

**(मनोज कुमार सिंह)**

प्रमुख सचिव।

Amit Sri.

## प्रारूप–2(क)– सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु स्थल चयन का प्रमाण पत्र

जनपद–

विकास खण्ड–

ग्राम पंचायत–

राजस्व ग्राम–

सामुदायिक निर्माण हेतु स्थल चयन का आधार–

निर्मित कराये जाने वाले सामुदायिक शौचालय का प्रयोग किये जाने वाले परिवारों की संख्या–

भूमि की उपलब्धता–

भूमि की उपलब्धता के सम्बन्ध में राजस्व विभाग से प्राप्त सत्यापन आख्या–

आबादी से निर्मित कराये जाने वाले सामुदायिक शौचालय की दूरी–

निर्मित कराये जाने वाले सामुदायिक शौचालय के पास जल एवं विद्युत की व्यवस्था–

लाभान्वित होने वाले समुदाय के सदस्यों को सम्मिलित करते हुये निगरानी समिति के गठन की स्थिति–

**हस्ताक्षर–गठित निगरानी समिति के सदस्य**

1– नाम–

2– नाम–

3– नाम–

4– नाम–

5– नाम–

| | |
|---|---|
| हस्ताक्षर– सचिव, ग्राम पंचायत | सचिव का नाम |
| हस्ताक्षर– ग्राम प्रधान | ग्राम प्रधान का नाम |
| हस्ताक्षर– सहा0विकास अधिकारी(पं0) | सहा0विकास अधिकारी(पं0) का नाम |
| हस्ताक्षर–जि0पं0रा0अ0 | जि0पं0रा0अ0 का नाम |

Amit Sri.

प्रारूप–2(ख)– जनपद में निर्मित होने वाले सामुदायिक शौचालय की संकलित रिपोर्ट


| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | विकास खण्ड | ग्राम पंचायत | राजस्व ग्राम | सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु स्थल चयन का आधार | सामुदायिक शौचालय का प्रयोग किये जाने वाले परिवारों की संख्या | भूमि की उपलब्धता (हां / नहीं) | राजस्व विभाग से प्राप्त सत्यापन आख्या (प्राप्त / अप्राप्त) | सामुदायिक शौचालय के पास जल एवं विद्युत की व्यवस्था (हां / नहीं) | निगरानी समिति के गठन (हां / नहीं) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | | | | | | | | | | |

हस्ताक्षर एवं मुहर
जिला पंचायत राज अधिकारी


हस्ताक्षर एवं मुहर
मुख्य विकास अधिकारी

हस्ताक्षर एवं मुहर
जिलाधिकारी

Amit Sri.




SECTION X-X'




SECTION Y-Y'

SPECIFICATIONS

1 BASE CONC. :- 1:5:10, CEMENT ,FINE SAND (F.M.-1.25) & 40 MM GAUGE BRICK BALLAST.

2 BRICK WORK :- 1:6 ,CEMENT , FINE SAND (F.M.-1.25)


3 D.P.C.:- 25 MM THICK IN 1:2:4 CEMENT, FINE SAND) & 20 MM GAUGE STONE GRIT WITH WATER PROOFING COMPOUND.

4 ROOFING :- R.C.C. 1:2:4 ,CEMENT, COURSE SAND & 20 MM GAUGE STONE GRIT WITH 8 MM DIA @ 150 C/C IN BOTH FINISHED AND RENDERED SMOOTH.


5- FLOORING :- C.C. FLOORING 25 MM THICK IN 1:2:4 CEMENT ,FINE SAND , 20 MM GAUGE STONE GRIT LAID IN PANELS

SCHEDULE FOR DOORS & WINDOWS

| S.N. | TYPE | SIZE mm | SILL mm | LINTEL LVL mm |
|---|---|---|---|---|
| 1 | D1 | 1800 X 2100 | - | 2100 |
| 2 | D2 | 750 x 1800 | - | 1800 |
| 3 | D3 | 450 x 1800 | - | 1000 |
| 3 | V | 450 X 300 | 1800 | 2100 |
| | | | | |




FOUNDATION




6720 x 5405 mm= 36.32 sq.m

Ramp
1:12

PLAN

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Swachh Bharat Mission | DATE FEBRUARY 2020 | DRG. NO. | | State Resource Center for Waste Management (SRC) |
| | SCALE N.T.S. | COVERED AREA 36.32 SQ.M | | 4th Floor, Room No. 404 & 403 Local Bodies Directorate, Plot No. 18, Sector 7, Gomti Nagar Extension, Lucknow- 226010, Uttar Pradesh, India connect@indevcorn.org |

## Preliminary Estimate for 2 Unit Block Toilet


Reference-: UP PWD Plinth Area Rate 2018

| S.NO | ITEM | UNIT RATE (Rs) | AREA (Sq. m) | TOTAL (Rs) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | PLINTH AREA RATE FOR OTHER SMALL BULDING (NON-RESIDENTIAL) HAVING HEIGHT LESS THAN 2.9 METRE (1.1) | 7570.00 | 36.32 | 274942.00 |
| 2 | INTERNAL SERVICES | | | |
| 2.1 | INTERNAL WATER SUPPLY AND DISPOSAL OF WASTE WORKS (10.1) | @ 5% of item no 1 | | 13747.00 |
| 2.2 | EXTERNAL WASTE DISPOSAL WORKS (10.2) | @ 5% of item no 1 | | 13747.00 |
| 2.3 | INTERNAL ELECTRIFICATION WORKS (10.3) | @ 12.5% of item no 1 | | 34368.00 |
| 3. | Add Contingencies @ 2 % | | | 6736.00 |
| 4 | Total (1 + 2.1 + 2.2+ 2.3+ 3) | | | 343540.00 |
| 5. | GST @ 12% of the Total (S. No 4) | | | 41225.00 |
| | Grand Total | | | 384765.00<br>Say 3.85 Lakhs |


अवर अभियन्ता

अभियन्ता
जिला पंचायत, लखनऊ

Manoj



SECTION X-X'





SECTION Y-Y'

## SPECIFICATIONS

1. BASE CONC. :- 1:5:10, CEMENT ,FINE SAND (F.M.-1.25) & 40 MM GAUGE BRICK BALLAST.
2. BRICK WORK :- 1:6 ,CEMENT , FINE SAND (F.M -1.25)
3. D.P.C.:- 25 MM THICK IN 1:2:4,CEMENT, FINE SAND) & 20 MM GAUGE STONE GRIT WITH WATER PROOFING COMPOUND.
4. ROOFING :- R.C.C. 1 : 2 : 4 ,CEMENT, COURSE SAND & 20 MM GAUGE STONE GRIT WITH 8 MM DIA @ 150 C/C IN BOTH FINISHED AND RENDERED SMOOTH.
5. FLOORING :- C.C. FLOORING 25 MM THICK IN 1:2:4 CEMENT ,FINE SAND , 20 MM GAUGE STONE GRIT LAID IN PANELS

| SCHEDULE FOR DOORS & WINDOWS | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S/N | TYPE | SIZE mm | SILL mm | LINTEL LVL mm |
| 1 | D1 | 1800 X 2100 | - | 2100 |
| 2 | D2 | 750 x 1800 | - | 1800 |
| 3 | D3 | 450 X 1800 | - | 1800 |
| 3 | V | 450 X 300 | 1800 | 2100 |
| | | | | |



FOUNDATION

. 6720 x 8020 mm= 53.89 sq.m

PLAN

| | | | |
|---|---|---|---|
| Swachh Bharat Mission | DATE<br>FEBRUARY 2020 | DRG. NO. | IDC इंडियन डेवेलपमेंट सेंटर INDIAN DEVELOPMENT CENTER |
| | SCALE<br>N.T.S. | COVERED AREA<br>53.89 SQ.M | State Resource Centre for Waste Management (SRC)<br>4th Floor, Room No. 404 & 40[illegible]<br>Local Bodies Directorate,<br>Plot No. 18, Sector 7, Gomti Nagar Extension, Lucknow- 226010, Uttar Pradesh, India<br>[illegible] |


Manof

**Preliminary Estimate for 4 Unit Block Toilet**


Reference-: UP PWD Plinth Area Rate 2018

| S.NO | ITEM | UNIT RATE (Rs) | AREA (Sq. m) | TOTAL (Rs) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | PLINTH AREA RATE FOR OTHER SMALL BULDING (NON-RESIDENTIAL) HAVING HEIGHT LESS THAN 2.9 METRE (1.1) | 7570.00 | 53.89 | 407947.00 |
| 2 | INTERNAL SERVICES | | | |
| 2.1 | INTERNAL WATER SUPPLY AND DISPOSAL OF WASTE WORKS (10.1) | @ 5% of item no 1 | | 20397.00 |
| 2.2 | EXTERNAL WASTE DISPOSAL WORKS (10.2) | @ 5% of item no 1 | | 20397.00 |
| 2.3 | INTERNAL ELECTRIFICATION WORKS (10.3) | @ 12.5% of item no 1 | | 50993.00 |
| 3. | Add Contingencies @ 2 % | | | 9995.00 |
| 4 | Total (1 + 2.1 + 2.2+ 2.3+ 3) | | | 509729.00 |
| 5. | GST @ 12% of the Total (S. No 4) | | | 61168.00 |
| | **Grand Total** | | | **570897.00**<br>**Say 5.71 Lakhs** |


सहा० अभियन्ता    अवर अभियन्ता    जिला पंचायत, लखनऊ




SECTION X-X'





SECTION Y-Y'




6720 x 10465 mm= 70.32 sq.m

PLAN




FOUNDATION

## SPECIFICATIONS

1. BASE CONC. :- 1:5:10, CEMENT ,FINE SAND (F.M.-1.25) & 40 MM GAUGE BRICK BALLAST.
2. BRICK WORK :- 1:6 ,CEMENT , FINE SAND (F.M.-1.25)
3. D.P.C.:- 25 MM THICK IN 1:2:4,CEMENT, FINE SAND) & 20 MM GAUGE STONE GRIT WITH WATER PROOFING COMPOUND.
4. ROOFING :- R.C.C. 1 : 2 : 4 ,CEMENT, COURSE SAND & 20 MM GAUGE STONE GRIT WITH 8 MM DIA @ 150 C/C IN BOTH FINISHED AND RENDERED SMOOTH.
5. :- FLOORING :- C.C. FLOORING 25 MM THICK IN 1:2:4 CEMENT ,FINE SAND , 20 MM GAUGE STONE GRIT LAID IN PANELS

## SCHEDULE FOR DOORS & WINDOWS

| S/N | TYPE | SIZE (MM) | SILL (MM) | LINTEL LVL' (MM) |
|---|---|---|---|---|
| 3 | D1 | 1800 X 2100 | - | 2100 |
| 3 | D2 | 750 x 1800 | - | 1800 |
| | D3 | 450 X 1800 | - | 1800 |
| | V | 450 X 300 | 1800 | 2100 |
| | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Swachh Bharat Mission | DATE<br>FEBRUARY 2020 | DRG. NO. | IDC इंडियन डेवलपमेंट सेंटर INDIAN DEVELOPMENT CENTRE | State Resource Center for Waste Management (SRC)<br>4th Floor, Room No. 404 & 433<br>Local Bodies Directorate,<br>Plot No. 18, Sector 7, Gomti Nagar Extension, Lucknow 226010, Uttar Pradesh, India |
| | SCALE<br>N.T.S. | COVERED AREA<br>70.32 SQ.M | | |

**Preliminary Estimate for 6 Unit Block Toilet**

Reference-: UP PWD Plinth Area Rate 2018

| S.NO | ITEM | UNIT RATE (Rs) | AREA (Sq. m) | TOTAL (Rs) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | PLINTH AREA RATE FOR OTHER SMALL BULDING (NON-RESIDENTIAL) HAVING HEIGHT LESS THAN 2.9 METRE (1.1) | 7570.00 | 70.32 | 532322.00 |
| 2 | INTERNAL SERVICES | | | |
| 2.1 | INTERNAL WATER SUPPLY AND DISPOSAL OF WASTE WORKS (10.1) | @ 5% of item no 1 | | 26616.00 |
| 2.2 | EXTERNAL WASTE DISPOSAL WORKS (10.2) | @ 5% of item no 1 | | 26616.00 |
| 2.3 | INTERNAL ELECTRIFICATION WORKS (10.3) | @ 12.5% of item no 1 | | 66540.00 |
| 3. | Add Contingencies @ 2 % | | | 13041.00 |
| 4 | Total (1 + 2.1 + 2.2+ 2.3+ 3) | | | 665136.00 |
| 5. | GST @ 12% of the Total (S. No 4) | | | 79816.00 |
| | **Grand Total** | | | 744952.00 Say 7.5 Lakhs |

सहा. अभियन्ता

अवर अभियन्ता

अभियन्ता
जिला पंचायत, लखनऊ